# मेवाड विश्वविद्यालय में यूनिफेस्ट का हुआ शुभारंभ

चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )। मेवाड़ विश्वविद्यालय में यूनिफेस्ट का रंगारंग शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के चैयरपर्सन गोविन्दलाल गदिया द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान सैकड़ो छात्र -छात्राओं में कार्यक्रम के प्रति उत्साह देखने को मिला। यूनिफेस्ट के अंतर्गत तकनिकी, खेल सम्बंधित गतिविधियां जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण जैसी प्रतियोगिताएँ होगी। कुल 8 दिवसीय कार्यक्रम का समापन 16 मार्च को विजेता रहे छात्र -छात्राओं को पुरुस्कार वितरण के साथ होगा। यूनीफेस्ट कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधिओं से जोड़ना है ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

# यूनीफेस्ट 2019 का आगाज़

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में यूनिफेस्ट 2019 का रंगारंग शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के चेयरपर्सन गोविन्द लाल गदिया ने किया। यूनीफेस्ट के अंतर्गत तकनीकी व खेल संबंधित गतिविधियां क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। 8 दिवसीय कार्यक्रम का समापन 16 मार्च को होगा।